शनिवार
09 दिसंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिह्नित कर करें कार्रवाई 2

शिक्षक भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा, मौत

केटी न्यूज/पटना

बिहार में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गाड़ियों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन लोग मौत के शिकार हो रहे हैं। ताजा मामला सीवान से सामने आया है जहां भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना आंदर ढाला ओवर ब्रिज के पास की है।

बताया जा रहा है कि तीनों युवक बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा देकर बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद डाला, जिससे बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना से गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर जाम की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा की सांसद सदस्यता रद्द

- संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी का निष्कासन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित
- फैसले के बाद महुआ बोलीं- एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं

एजेंसी/नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया। इसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। रिपोर्ट में महुआ को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। फैसले के बाद महुआ ने कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है। यह आपके अंत की शुरूआत है। चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह आग्रह किया कि महुआ मोइत्रा को सदन में उनका पक्ष रखने का मौका मिले। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले इसकी इजाजत नहीं दी। उन्होंने इसके लिए संसदीय परिपाटी का हवाला दिया। इससे पहले भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने गत नौ नवंबर को अपनी एक बैठक में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश वाली रिपोर्ट को स्वीकार किया था।

समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। इनमें कांग्रेस से निलंबित सांसद परणीत कौर भी शामिल थीं। समिति के चार विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे शिकायत में कोई भी दम नहीं है।

आचार समिति की रिपोर्ट ने सभी नियमों को तोड़ा: महुआ

अपने निष्कासन पर महुआ मोइत्रा ने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अदाणी मुद्दे को खत्म कर देंगे। इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। यह दशार्ता है कि अदाणी आपके लिए कितने महत्वपूर्ण है और आप एक महिला सांसद को रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे। कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है। यह आपके अंत की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा की आचार समिति, इसकी रिपोर्ट ने सभी नियमों को तोड़ा है। यह हमें झुकने के लिए मजबूर करने का एक हथियार है। मुझे उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है।

आयकर की छापेमारी में नोटों से भरी पाई गईं 9 अलमारियां

सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापा, 220 करोड़ कैश मिले

- झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और उद्योगपति हैं धीरज साहू
- पीएम ने एक्स पोस्ट में खबर साझा करते हुए लिखा-देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और इनके नेताओं की ईमानदारी के भाषणों को सुनें

एजेंसी/रांची

झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 220 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि छापेमारी में 9 अलमारियां नोटों से भरी पाई गईं और नोटों को गिनने के लिए मशीनें मंगवानी पड़ी। धीरज साहू एक बड़े उद्योगपति हैं और शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े हैं। आयकर विभाग ने ग्रुप के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग ने बलदेव साहू कंपनी के बोलांगीर स्थित कार्यालय से 30 किलोमीटर दूर सतपुड़ा ऑफिस में छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोटों के बंडल ऑफिस की नौ अलमारियों में भरे रखे थे। नोट 500, 200 और 100 रुपये को गड्डियों में रखे थे। इतनी बड़ी संख्या में कैश मिलने के बाद आयकर विभाग की टीम ने मशीनों से नोट गिनकर 157 बैगों में भरा, जब बैग कम पड़ गए तो बोरियों में नोट भरे गए और उसके बाद एक ट्रक में डालकर इन्हें बैंक ले जाया गया।

आयकर विभाग की 40 सदस्यों वाली टीम ने बुधवार सुबह साढ़े छह बजे से ओडिशा के बौध, बोलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर, झारखंड के रांची-लोहरदगा और कोलकाता में एक साथ छापेमारी की गई। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। पीएम मोदी ने भी इस पर चुटकी ली। पीएम ने अपने एक्स पोस्ट में खबर साझा किया और लिखा-देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं की ईमानदारी के भाषणों को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

भ्रष्टाचार पर वार

सीवान में जिला शिक्षा पदाधिकारी के घर व ऑफिस पर निगरानी का छापा, 14 लाख रुपए कैश बरामद

सीवान। सीवान में जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार के कार्यालय और पटना स्थित आवास पर निगरानी विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में शुक्रवार को एक साथ छापेमारी की। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय एवं अलमीरा से 14 लाख रुपए कैश बरामद हुआ। इस संबंध में निगरानी विभाग के डीएसपी अभय कुमार ने बताया कि शुक्रवार पूर्वाहन लगभग 9 बजे निगरानी विभाग की 6 सदस्य टीम ने सीवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार के महादेवा स्थित आवास एवम एवं कार्यालय पर छापेमारी की जिसमें 14 लाख रुपए कैश बरामद किया है।

उन्होंने आगे बताया कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने से संबंधित एक प्राथमिकी निगरानी थाने में 36/23 मिथिलेश कुमार के विरुद्ध पहले से ही दर्ज है। जिसमें वारंट निर्गत होने के पश्चात टीम ने उनके विरुद्ध उक्त कार्रवाई की। निगरानी विभाग की पूरी कार्रवाई जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार की मौजूदगी में की गई। समाचार लिखे जाने तक उनके विरुद्ध निगरानी विभाग की कार्रवाई जारी है। वहीं पटना में उनके आवास पर निगरानी विभाग 10 सदस्यीय टीम कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार निगरानी की टीम ने पटना के के फ्लैट से जमीन के कागजात, पासबुक, आभूषण और नगदी मिले हैं। वहीं बैंक लॉकर के बारे में भी जानकारी मिली है। फिलहाल निगरानी की टीम सभी का डेटा खंगालने में जुटी है।

मेडिकल की छात्रा से एचओडी ने की डिमांड, प्यार करो, नहीं तो फेल कर दूंगा, बवाल

नालंदा। नालंदा जिले के पावापुरी ओपी थाना अंतर्गत विम्स के पारा मेडिकल की चार छात्राओं ने चिकित्सकों व क्लर्क पर दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को जानकारी मिलने के बाद डीएम शशांक शुभंकर विम्स पहुंचे थे जहां छात्राओं ने डीएम से भी शिकायत की। वहीं, डीएम ने पावापुरी ओपी प्रभारी अनीता कुमारी को जांच का आदेश दिया है। छात्राओं ने इसकी शिकायत करने के लिए महिला थाना बिहार शरीफ पहुंची थी। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि बुधवार को सेमेस्टर की परीक्षा हुई थी, परीक्षा देने के बाद छात्रा अपने रूम चली गई फिर डिपाटमेंटल की ओर से चार छात्राओं को फोन कर बुलाया गया था फिर अश्लील हरकत की गई।

अश्लील हरकत करने का आरोप विम्स के तीन डॉक्टर, एक पीएमसीएच के डॉक्टर और एक क्लर्क पर लगा है। छात्राओं के द्वारा थाना में आवेदन देने के बाद आरोपों की जांच के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। आरोपों में छात्रा ने बताया है कि बुधवार की शाम 5 बजे एनेस्थीसिया विभाग के ड्रेसर ने सभी को कॉल कर मौखिक व प्रयोगिक परीक्षा के लिए कार्यालय बुलाया। जहां पहुंची तो क्लर्क हाथ पकड़कर चेंबर में ले गया फिर चेंबर में डॉक्टर शराब के नशे में धुत था. आगे क्लर्क ने कहा कि सर जो कहते हैं करो, नहीं तो परीक्षा में फेल कर देंगे। इसके बाद डॉक्टर हाथ पकड़ फर्श पर पटककर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। शोर मचाकर किसी तरह वहां से भाग निकले। इस तरह दूसरे चेंबर में तीन अन्य छात्राओं के साथ भी ऐसी हरकत की जा रही थी।

बीमार बेटी की मौत से परेशान पिता ने दो बेटों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

गोपालगंज में आत्महत्या

- बरौली थाना क्षेत्र के चंदन टोला की घटना
- बेटी का इलाज कराने में गवां बैठा था सब कुछ

केटी न्यूज/पटना

बिहार के गोपालगंज में एक शख्स ने अपने 2 बेटों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। परिवार द्वारा इस तरह सामूहिक रूप से आत्महत्या किए जाने से इलाके में दहशत का माहौल है। यह दिल दहला देने वाली घटना बरौली थाना क्षेत्र के चंदन टोला की है। बरौली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया। मृतकों की पहचान रामसूरत महतो, उसके पुत्र सचिन कुमार और दीपक कुमार के रूप में हुई है। वहीं तीनों के इस तरह सुसाइड करने की वजह भी सामने आ गई है। पुलिस ने सुसाइड का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

मृतकों के परिजनों ने बताया कि रामसूरत चौहान की बेटी सुभावती कुमारी की बीमारी से 2 दिन पहले मौत हो गई थी। मौत के बाद रामसूरत ने घर में ही उसका शव छोड़ दिया और चला गया। बेटी की बीमारी से पूरा परिवार परेशान था, लेकिन आज अचानक रामसूरत महतो अपने दोनों बेटे के साथ चंदन टोला के पास थावे-छपरा पैसेंजर ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। गांव के मुखिया, सरपंच और ग्रामीणों के मुताबिक, रामसूरत का परिवार बेटी के लकवा का इलाज कराने में सब कुछ गवां बैठा था, फिर भी वह ठीक नहीं हुई और मौत हो गई तो उसने बेटों के साथ सुसाइड करने का फैसला लिया।

ग्रामीणों के मुताबिक, एक झटके में पूरा परिवार खत्म हो गया। रामसूरत महतो के परिवार में अब कोई नहीं बचा है, जो सुसाइड करने की असली वजह बता सके। उसकी पत्नी की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है। एक बेटा दिव्यांग था और दूसरा बेटा सूरत में काम रहा था, जिससे पूरे परिवार का भरण पोषण चलता था। सदर एसडीपीओ प्रांजल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैनेट यूनिवर्सिटी के 5वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

पंच प्रण हर भारतवासी का संकल्प बने: सीएम योगी

- योगी बोले- विकसित भारत के लिए इंस्टीट्यूशन को इंडस्ट्री से जोड़ना होगा
- तैतरीय उपनिषद के श्लोक से छात्र-छात्राओं को राष्ट्र और समाज के प्रति उनके दायित्वों का कराया बोध

केटी न्यूज/गौतमबुद्ध नगर

देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए हमें अपने इंस्टीट्यूशन्स को इंडस्ट्री के साथ जोड़ना ही होगा। अगले 25 साल के लिए हमें अपना लक्ष्य तय करना होगा। जब देश की 142 करोड़ की आबादी एक स्वर से आगे बढ़ने के संकल्प के साथ उठ खड़ी होगी तो कोई कारण नहीं कि हमारा देश विकसित भारत न बने। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां ग्रेटर नोएडा स्थित बैनेट यूनिवर्सिटी के 5वें दीक्षांत समारोह के दौरान कही। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। सीएम योगी का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति ने अंगवस्त्रम पहनाकर किया। इस अवसर पर बीटेक छात्र ने मुख्यमंत्री को श्रीराम दरबार का चित्र भेंट किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह प्राचीन भारत के विश्वविद्यालय और गुरुकुलों के समावर्तन समारोह का परिवर्तित रूप है। प्राचीन भारत के विश्वविद्यालय पूरी दुनिया के स्नातकों के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट के बेहतरीन केंद्र थे। मुख्यमंत्री ने तैतरीय उपनिषद के श्लोक 'सत्यं वद धर्मं चर स्वाध्यायान्मा प्रमदः' की चर्चा करते हुए कहा कि सत्य बोलना, धर्म का आचरण करना, स्वाध्याय में आलस न करना, सत्य के मार्ग से न हटना, धर्म के मार्ग से न हटना, कुशल कार्य में किसी के भी आलस से बचना, महान बनने के अवसर से न चूकना, पठन पाठन के कर्तव्य से आलस न करना, देव और पितरों के प्रति कर्तव्य से आलस्य न करना, माता, पिता, गुरुजनों और अतिथि को देवता की तरह सम्मान देना, यह हर स्नातक से भारत की अपेक्षा रहती थी। जब हम इस संस्कार के साथ डिग्री देते थे तो भारत दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सामान्य जीवन में जिसे हम धर्म कहते हैं वो वास्तव में धर्म नहीं है, यह मात्र उसका एक भाग हो सकता है। उपासना विधि को धर्म नहीं मान सकते। ये व्यक्तिगत कार्य है। धर्म एक व्यापक अवधारणा है, जो हमें कर्तव्यों, नैतिक मूल्यों के साथ सदाचार के मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा देता है। जब जब भारत के युवाओं ने इस मार्ग का अनुसरण किया तब भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनने में देर नहीं लगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण की चर्चा करते हुए कहा कि ये हर भारतवासी का संकल्प बनना चाहिए, फिर चाहे वो जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहा हो। यह तभी हो पाएगा जब हम सबके सामने देश के लिए नेशन फर्स्ट का विजन हो। हमारा हर काम देश के नाम होना चाहिए। मेरा व्यक्तिगत, मेरा परिवार की भावना को देश के बाद रखना होगा।

मुख्यमंत्री ने बैनेट यूनिवर्सिटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसने अपने मात्र सात साल के कार्यकाल में बहुत सी उपलब्धियों को प्राप्त किया है। यह एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बैनेट विश्वविद्यालय की इस बात के लिए तारीफ की कि इसके साथ 20 से अधिक इंड्स्ट्री के सीईओ जुड़े हैं, जो यहां के छात्रों को मार्गदशन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान इंसेफेलाइटिस और कोरोना महामारी के दौरान स्पष्ट विजन, टीम वर्क और अनुभव के महत्व की चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। सीएम योगी ने कहा कि जीवन में सफलता का मार्ग परिश्रम और पुरुषार्थ से ही प्राप्त होता है। लक्ष्य तक पहुंचने का मार्ग शॉर्टकट से प्राप्त नहीं हो सकता। उन्होंने विश्वविद्यालय को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार का सहयोग उन्हें सदैव प्राप्त होगा। इस अवसर पर बैनेट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विनीत जैन, प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत अब्राहम व अन्य मौजूद रहे।

फर्जी तरीके से बनवाया आयुष्मान कार्ड, जांच करने पहुंची टीम से मारपीट

- नगर थाना क्षेत्र के धरहरा हनुमान टोला स्थित वसुधा केंद्र का मामला
- बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान जांच के क्रम में हुआ गड़बड़ी का खुलासा

केटी न्यूज/आरा

शहर में वसुधा केन्द्र संचालक की मिलीभगत से फर्जी राशन कार्ड के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनाने और जांच करने पहुंचे एक अधिकारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित हनुमान टोला की गुरुवार की सुबह है। गिरफ्तार आरोपित नगर थाना क्षेत्र के उजियारा टोला निवासी मनीष कुमार है।

शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान फर्जी आयुष्मान कार्ड का खुलासा हुआ। इस मामले में आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सदर अस्पताल के जिला कार्यक्रम समन्वयक मृत्युंजय कुमार के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें वहुधा केंद्र संचालक, उसकी महिला अधिवक्ता बहन, भाई और फर्जी लाभुक मनीष कुमार को आरोपित किया गया है।

प्राथमिकी के अनुसार उजियार टोला निवासी चंदेश्वर बिंद के पुत्र मनीष कुमार आयुष्मान कार्ड के आधार पर इलाज कराने के लिए बाबू बाजार स्थित शांति मेमोरियल हॉस्पिटल गया था। हॉस्पिटल में मौजूद आरोग्य मित्र को जांच में आयुष्मान कार्ड जाली लगा। जांच में पाया गया कि आयुष्मान कार्ड मैनपुरा बाघी पाकड़ निवासी किसी काशीनाथ सिंह के पुत्र मनीष कुमार के राशन कार्ड के आधार पर बनाया गया है। मनीष कुमार पिता चंदेश्वर बिंद का नाम आयुष्मान भारत की सूची में नहीं है। पूछताछ में मनीष ने बताया कि उसने धरहरा हनुमान टोला स्थित एक वसुधा केन्द्र से अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया है। उसके लिए उसने 22 सौ रुपए भी दिया है। उसकी जांच के लिए वह मनीष के साथ वसुधा केन्द्र गये। तब वसुधा केन्द्र पर सुजीत कुमार और उसके भाई राहुल कुमार मौजूद थे। पूछताछ में उनके साथ धक्का-मुक्की कर वसुधा केन्द्र में ताला लगाकर दोनों भाग गये। उनकी सूचना पर नगर थाने की पुलिस पहुंची, तो सुजीत कुमार की अधिवक्ता बहन द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। अन्य लोगों को बुलाकर हंगामा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक के अनुसार आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज होता है। ऐसे में धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है। इसमें आयुष्मान कार्ड बनाने वाले और बनवाने वाले सभी दोषी हैं।

बैंक लूटकांड: दूसरे जिलों में बैंक डकैती में शामिल लुटेरों के जरिए क्लू खोजने की जुगत में आरा पुलिस

आरा। शहर की कतीरा स्थित एक्सिस बैंक डकैती कांड की तफ्तीश में पुलिस की निगाहें हाल में दूसरे जिलों में बैंक लूट की घटनाओं में शामिल अपराधियों की ओर भी है। पुलिस उन लुटेरों के जरिए डकैती की इस घटना की यह तक जाने की जुगत में है। उसे लेकर पुलिस लूट की उन घटनाओं में पकड़े गये लुटेरों तक पहुंचने में जुटी है। उस चक्कर में पुलिस सारण के सोनपुर और हाजीपुर सहित अन्य जगहों तक दौड़ लगा रही है। लूट की उन वारदात में शामिल लुटेरों की फोटो का आरा में मिले फुटेज से मिलान किया जा रहा है। इस काम में एसटीएफ की मदद भी ली जा रही है। वहीं भोजपुर पुलिस की भी अलग-अलग टीम छापेमारी कर रही है। डीआईयू की टीम भी लगायी गयी है। बताया जा रहा है कि एक-दो गिरोह और कुछ अपराधियों को चिन्हित किया गया है। उनसे पूछताछ करने की तैयारी की जा रही है। पूरा ऑपरेशन एसपी प्रमोद कुमार यादव की मॉनिटरिंग में चल रहा है। इधर, डीआईजी नवीन चंद्र झा के निर्देश के बाद इस काम में काफी तेजी आ गयी है। पुलिस मुख्यालय की भी कांड पर नजर है। बताते चलें कि बुधवार की सुबह करीब सवा दस बजे अपराधियों ने नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा स्थित एक्सिस बैंक में धावा बोल डकैती की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया था। हथियार के बल पर कर्मियों को बंधक बनाकर लुटेरे करीब 17 लाख रुपए लूट कर भाग गये थे।

बगैर लाइसेंस लिये कंबाइन हार्वेस्टर चलाने पर होगा केस

केटी न्यूज/औरंगाबाद

फसल अवशेष जलाने की घटना को रोकने हेतु जिला पदाधिकारी-सह जिला स्तरीय अंतर्विभागीय कार्य-समूह अध्यक्ष श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आज जिले के कंबाइन हार्वेस्टर मालिक और संचालक के साथ बैठक की गयी।

जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद के द्वारा बताया गया कि फसल अवशेष को खेतों में जलाने से सांस लेने में तकलीफ, आखों में जलन, नाक एवं गले की समस्या उत्पन्न होती है। मिट्टी का तापमान बढ़ता है जिससे मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जो पहले से हमारी मिट्टी में कम है जलकर नष्ट हो जाती है। मिट्टी में उपलब्ध सुक्ष्म जीवाणु, मित्र कीट, केचुआ आदि मर जाते है। जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि सभी हार्वेस्टर मालिक एवं संचालक संबंधित प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी से पास प्राप्त कर अपने हार्वेस्टर पर पास को चिपकाते हुये अपना नाम, मोबाईन नंबर अवश्य अंकित करेगें साथ ही साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के बिना हार्वेस्टर का संचालन नहीं करेगे। अगर बिना स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के हार्वेटर चलाते पकड़ा गया तो उनके विरूद्ध एफआईआर करते हुये हार्वेस्टर जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी। फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई की जायेगी। कृषि विभाग के पोर्टल पर किसान का रजिस्ट्रेशन को 03 वर्ष के लिये प्रतिबंधित करते हुये कृषि विभाग के सभी योजनाओं एवं धान अधिप्राप्ति के लाभ से वंचित किया जायेगा। संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार के विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत रिपर कम्बाईन्डर, स्ट्रा बेलर, हैपी सीडर, रोटरी मल्चर एवं सुपर सिडर आदि पर भी कृषि विभाग के द्वारा अनुदान दिया जा रहा है।

औरंगाबाद डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में दिए निर्देश

अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिह्नित कर करें कार्रवाई

केटी न्यूज/औरंगाबाद

औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित जिले के सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधियों को जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर निर्देश दिए गए।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद अनवर आलम द्वारा बताया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा के क्रम में सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत राजन द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि इस कार्य को और प्रभावी तरीके से कराया जाए तथा अस्पताल में जगह-जगह साइन बोर्ड लगाकर यह प्रदर्शित किया जाए कि अस्पताल में ऑपरेशन हो रहे हैं। जिले के डीपीएम द्वारा बताया गया कि कार्य में रुचि नहीं लेने वाली एवं निष्क्रिय रहने वाली आशा के विरुद्ध कार्रवाई में विलंब होने को लेकर नबीनगर एवं मदनपुर के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का वेतन अगले

आदेश तक बंद रखने का निर्देश दिया गया। अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिंहित कर कार्रवाई करने तथा सदर अस्पताल सहित जिले के विभिन्न अस्पतालों में अनधिकृत रूप से भ्रमण करने वाले एवं रोगियों को बहला फुसला कर बाहर के अस्पतालों में ले जाने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर के दो चिकित्सकों को उनके मनमानी भरे कार्यों को देखते हुए हसपुरा एवं नबीनगर में भेजने हेतु आदेश दिया गया। सभी टीकाकरण सत्र स्थान पर प्रसव पूर्व जांच की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भेजने हेतु आंगनवाड़ी कर्मियों से समन्वय एवं प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में होने वाली बैठक में नियमित रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र से संबंधित विषय को रखने का निर्देश दिया गया। टीकाकरण सत्र को नियमित रूप से आयोजित करने एवं होम डिलीवरी की संख्या में कमी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह सहीत जिला स्वास्थ्य समिति, औरंगाबाद के तमाम अधिकारी एवं डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि, सभी उपाधीक्षक व अन्य मौजूद थे।

मखदुमपुर में वाहन चेकिंग के दौरान 701 कार्टन शराब बरामद

केटी न्यूज/मखदुमपुर

शुक्रवार को मखदुमपुर थाने की पुलिस को थाने के समीप वाहन जांच के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से 701 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद शराब 6219 लीटर इंपिरियल ब्लू नामक कंपनी का बताया जाता है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि जिले के एसपी दीपक रंजन को गुप्त सूचना मिली थी के एक ट्रक पर शराब की कार्टून रखकर ऊपर से बोरी में कपड़ा लाद कर आ रहा है। सूचना के आलोक में थाने की पुलिस थाने के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया और सफलता पाया, इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। एवं चालक से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि बरामद शराब हरियाणा से बिहार के हाजीपुर जा रही थी जिसे पुलिस जब्त कर लिया गया है। बता दें कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है बिहार में शराब बेचना तथा इसका भंडारण करना दंडनीय अपराध है।

हत्या मामले में तीन अभियुक्तों को सुनाई गई उम्र कैद की सजा

औरंगाबाद। तालाब से मछली बिक्री के विवाद में एक युवक के तीन हत्यारोपियों को आज सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इनमें बारुण थाना क्षेत्र के धुरिया बरौली निवासी दीनदयाल पासवान, रामदयाल पासवान एवं अजीत कुमार हैं। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे दो धनंजय कुमार मिश्रा ने बारूण थाना की एक कांड में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अतिक्रमणकारियों व अंचल कार्यालय कुटुंबा के बड़ा बाबू के बीच मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

केटी न्यूज/औरंगाबाद

अतिक्रमित जमीन पर बने मकान को हटाने की नोटिस पर पहुंचे अतिक्रमणकारियों एवं अंचल कार्यलय कुटुंबा के बड़ा बाबू सुदर्शन कुमार सिंह के बीच कहा सुनी हुई जिसमें अतिक्रमणकारियों ने बड़ा बाबू पर मार-पीट और गाली - गलौज का आरोप लगाया है और अंबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है तथा कार्रवाई की मांग की हैं। घटना को लेकर चिल्हियांवा गांव निवासी जयप्रकाश मेहता ने बताया कि अंचल कार्यालय से जमीन अतिक्रमण से संबधित नोटिस प्राप्त हुआ था। इसी सिलसिले में आज कई लोग अंचल कार्यालय पहुंचे थे। जहां नशे में धुत बड़ा बाबू ने एक व्यक्ति विशेष के कहने पर हम लोगों की बात सुनने से इंकार कर दिया और जाति सूचक बात बोला जिसका विरोध करने पर, उन्होंने गाली-गलौज करते हुऐ मारपीट किया जिसमें वह जख्मी हों गया। वहीं मामले में बड़ा बाबू सुदर्शन कुमार सिंह ने बताया कि अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण के तहत 42 लोगों पर अतिक्रमण का नोटिस किया गया था जिसमें अंचल कार्यालय पर 12-14 लोग पहुंचे हुऐ थे। इस दौरान उनके गैर मौजूदगी में अतिक्रमण से जुड़े व्यक्तियों को जमीन खाली करने का सुझाव दिया। लेकिन मामले दो-तीन व्यक्तियों ने कहा कि उनका उक्त जमीन का रसीद कटता है तो हम अतिक्रमण कैसे हटाएंगे। इस संबध में उन्होने कहा कि ऐसे में आप वकील से सुझाव लें। इसी क्रम में अतिक्रमणकारियों ने उनके साथ मारपीट की है।

एक नजर

बिहार की जनता चाह रही परिवर्तन: राजू तिवारी

जहानाबाद। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने शुक्रवार को जहानाबाद के टाउन हॉल में आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सम्बोधित किया। लोजपा के जिलाध्यक्ष हेमंत शरण उर्फ कुंदन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में राजू तिवारी ने कहा कि हमारे नेता जात पात से ऊपर उठकर बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट के आधार पर काम कर रहे हैं और संघर्ष कर रहे हैं। अगर हमारे नेता चाहते तो आज आराम से सत्ता में रहते लेकिन हमारे नेता को बिहार की चिंता है। आज बिहार के निकम्मे मुख्यमंत्री को बिहार की चिंत्ता नहीं केवल उनको कुर्सी की चिंता है। क्योंकि कभी एनडीए के साथ चुनाव जीतकर महागठबंधन में चले जाते है और महागठबंधन के साथ। बिहार की जनता अब परिवर्तन चाह रही है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

जहानाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत आज, 5193 मामलों के निपटारे का रखा गया लक्ष्य

जहानाबाद। जहानाबाद न्याय मंडल में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें लंबित मामलों के निपटारे के लिए न्याय मंडल में 13 न्यायपीठ का गठन किया गया है। उपरोक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज डॉक्टर राकेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि व्यवहार न्यायालय जहानाबाद में लंबित मामलों के निपटारे के लिए 10 न्यायपीठ का गठन किया गया है। जबकि अरवल अनुमंडल न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए तीन न्यायपीठ का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि न्याय मंडल में 5193 मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों के द्वारा शिविर भी लगाया जाएगा।

शादी का झांसा देकर करता रहा यौन शोषण, याद दिलाया वादा तो करने लगा नाटक, गिरफ्तार

औरंगाबाद। गोह थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही युवती की मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया को पूरी करने में जुटी हुई है। युवती ने थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि गया जिले के कोच थानाक्षेत्र के कनउसी गांव निवासी देवबंस भगत के पुत्र शैलेश कुमार से लगभग दो वर्षों पूर्व पहचान स्कूल में बनी थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इस बीच युवक शैलेश ने उससे शादी करने और साथ जीने-मरने का वादा किया। शादी का झांसा देकर वह युवती के साथ शारीरीक संबंध बनाने लगा। यह सिलसिला लगभग डेढ़ वर्षो तक चलता रहा। कई बार आरोपी युवक ने तरह-तरह के बहाने बनाते हुए शादी करने से टालता रहा। युवती का आरोप है कि कई लड़कियों से शैलेश को अवैध संबंध था। जिसके कारण युवती ने शैलेश से शादी करने से इनकार कर दिया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।जिसमे कोच थाना के कनउसी गांव निवासी देवबंस भगत के पुत्र शैलेश कुमार को आरोपी बनाते हुए त्वरित करवाई के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जहानाबाद प्रशासन ने जमीन को कराया खाली

जहानाबाद। जहानाबाद शहर के आदर्श कॉलोनी में अखिलेश शर्मा एवं नरेश शर्मा के बीच कई सालों से जमीन विवाद चल रहा था ,अखिलेश शर्मा ने आरोप लगाते हुए पहले एलारडीसी के समीप समझ केस दायर किया था कि नरेश शर्मा द्वारा मेरा जमीन जबरन कब्जा कर लिया है। और मेरे जमीन को घेराबंदी कर गेट लगा दिया। इसी आवेदन पर पहले एलारडीसी द्वारा कार्रवाई करते हुए इसकी जांच की गईं जांच में यह पाया गया कि नरेश शर्मा द्वारा अखिलेश शर्मा के जमीन को कब्जा कर गेट लगा लिया है। इसी के आलोक में अखिलेश शर्मा के पक्ष में फैसला दिया गया और नरेश शर्मा को जमीन खाली करने का आदेश दिया गया तभी नरेश शर्मा द्वारा कमिश्नर के यहां आवेदन किया लेकिन नरेश शर्मा द्वारा कमिश्नर से भी अपने केस हार गए और कमिश्नर द्वारा सदर के अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अखिलेश शर्मा के जमीन को नरेश शर्मा से मुक्त करते हुए कब्जा दिलाया जाए, इसी आदेश के आलोक में सदर के अंचलाधिकारी संजय कुमार आदर्श कॉलोनी दलबल के साथ पहुंचकर नरेश शर्मा द्वारा जो जमीन जबरन कब्जा किया गया था उसे मुक्त कराया गया अखिलेश शर्मा को कब्जा दिलाया उन्होंने कहा कि जो लोग भी दूसरे की जमीन को कब्जा करेंगे उन पर प्रशासन न्याय संगत कार्रवाई करेगी।।

जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह- किसान मेला का शुभारंभ

कृषक योजनाओं का हो व्यापक प्रचार: विधायक

केटी न्यूज/जहानाबाद

कृषि यांत्रिकरण योजना के तहत संयुक्त कृषि भवन प्रांगण काको रोड में जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह- किसान मेला कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। बिहार सरकार और जिला कृषि कार्यालय जहानाबाद की ओर से आयोजित इस मेला का शुभारंभ विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस जिला के किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवाह्नित किया। साथ ही, कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सलाह दी कि वे सरकार द्वारा कृषि विभाग में संचालित सभी तरह की कृषक हितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति तत्पर रहकर अधिक से अधिक संख्या में जहानाबाद जिले के किसानों को लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करें और लाभ दें।

जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा कृषि यांत्रिकरण योजना एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि किसान भाई-बहन कृषि यांत्रिकरण योजना के तहत इस जिला को प्राप्त लक्ष्य के अनुसार 52 प्रकार के कृषि यंत्रों को अनुदानित दर पर क्रय कर लाभ उठा सकते हैं। सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा

रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि इस जिला में कृषि यांत्रिकरण योजना में अभी तक ऑनलाइन कुल 670 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 547 आवेदनों को किसान द्वारा पूर्ण रूप से भरा गया है जिसमें से 378 आवेदन ऑनलाइन स्वीकृत हुए हैं तथा ऑनलाइन लौटरी पद्धति से चयनित 142 आवेदनों का परमिट/स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया है, जिसमें नियमानुसार विभिन्न कृषि यंत्रों के क्रय पर कुल अनुदान की राशि मो0- 3187800/- रुपए मात्र दिया जाना है। इस जिला के किसानों के द्वारा ट्रैक्टर चालित चाराकल, मल्टी क्रोप थ्रेशर, कल्टीवेटर, रोटावेटर, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर, पावर वीडर, मोटर चालित राइस मिल, पंपसेट, पावर स्प्रेयर, जीरो टिलेज इत्यादि कृषि यंत्रों एवं सिंचाई पाइप के लिए आवेदन दिया गया है। मेला में 9 प्रकार के कुल-28 कृषि यंत्रों यथा- सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर- 2, रोटावेटर -3, पावर स्प्रेयर-4, मोटर चालित राइस मिल-3, मल्टी क्रोप थ्रेशर-1, पंपसेट-10, एचडीपीई पाइप-2, ट्रैक्टर-1 एवं मोटर चालित चाराकल-2 में कुल- 2496300/- रुपए के अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों की बिक्री की गई। उन्होंने बताया कि कृषि यांत्रिकरण योजना में आवेदन का ऑनलाइन पोर्टल पुनः 10 दिसंबर 2023 से खुलने की सूचना है। तत्पश्चात किसान भाई बहन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी सत्र में वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र गंधार डॉ मुनेश्वर प्रसाद एवं सहायक निदेशक पौधा संरक्षण सह जिला नोडल पदाधिकारी यांत्रिकरण मो. जावेद आलम के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए किसानों को कई उपयोगी जानकारी दी गई।



परेशानी... बारिश के बाद कीचड़ से पटा सिमरी भोजपुर पथ, खतरनाक हुआ परिचालन

केटी न्यूज/सिमरी

सिमरी प्रखंड मुख्यालय को अनुमंडल तथा जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला सिमरी भोजपुर पथ हल्की बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिस कारण इस पथ पर परिचालन खतरनाक हो गया है। शुक्रवार को इस पथ पर पूरे दिन जाम लगा रहा। वही कीचड़ के चलते दुपहिया से लगायत बड़े वाहन भी फिसलते रहे। आलम यह था कि धनंजयपुर के सामने से लेकर आशा पड़री तक पूरी सड़क ही कीचड़ से सन गई थी। वही दोनों किनारे हाल ही में मनरेगा योजना

के तहत मिट्टी भराई का काम करवाया गया है। जिस कारण सड़क के दोनों किनारों पर वाहनों के फंसने या दुर्घटनाग्रस्त होने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। सुबह से दोहपर बाद तीन बजे तक ही आधा दर्जन वाहन विभिन्न जगहों पर कीचड़ के कारण फंसे थे। जिससे इस पथ में पूरे दिन जाम लगा रहा तथा परिचालन बाधित रहा। गनीमत थी कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वही इस दौरान कही भी स्थानीय प्रशासन नजर नहीं आ रहा था। जिस कारण जाम में फंसे वाहन चालकों मनमानी करते रहे। कई बार तो वाहन चालकों के बीच आपस में तू-तू, मै-मै की नौबत भी आ जा रही थी। सबसे खराब स्थिति नगवां मठिया से बिंद डेरा तक की सड़क का हो गया था। वहीं पैलाडीह के पास भी सड़क पर कीचड़ पसरा था। जिससे पूरे दिन लोगों को इस पथ से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

पिक ऑवर में परेशान दिखे नौकरी शुदा व छात्रः कीचड़ का दंश सबसे अधिक सुबह में था। जबकि इस दौरान इस पथ से सैकड़ो लोग विभिन्न दफ्तरों, स्कूलों तथा अन्य जगहों पर नौकरी पेशा करने के लिए इस पथ से गुजर रहे थे। जो जाम व कीचड़ के चलते अपने निर्धारित कार्यस्थल पर विलंब से पहुंचे। सबसे खराब स्थिति दोपहिया व तिपहिया वाहन चालकों की थी। सड़क पर अधिक कीचड़ होने के कारण वाहन फिसल जा रहे थे। कई बार तो सवारियों से भरी ऑटो भी कीचड़ में फंसी, जिसके बाद यात्रियों को धक्का दे उसे कीचड़ से बाहर निकालना पड़ा।

काफी संकरी है सड़कः बता दें कि पुराना भोजपुर से सिमरी व नियाजीपुर कोईलवर तटबंध तक जाने वाली भोजपुर सिमरी पथ काफी संकरी है। इस पथ पर सामान्य स्थिति में भी यदि दोनों तरफ से बड़े वाहन आ जाए तो एक साथ गुजरना मुश्किल हो जाता है। जबकि सिमरी प्रखंड तथा दियारा इलाका के लिए यह सड़क ही लाईफ लाईन मानी जाती है। समाजसेवियों ने कई बार इस पथ के चौड़ीकरण की मांग की है। लेकिन प्रशासन की उदासीनता से इस पथ का चौड़ीकरण नहीं हो सका है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

कहते है वाहन चालक

शुक्रवार को इस पथ पर कीचड़ व जाम के कारण परेशानी उठाने वाले नियाजीपुर खुर्द पंचायत के सोनू पाठक, सहियार के अजित ठाकुर, धनंजयपुर के रंजन मिश्र, युवा नेता दीपक यादव, ऑटो चालक मनोज कुमार, षिक्षक आशुतोष तिवारी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि हल्की बारिश होने पर भी इस पथ पर इतना कीचड़ हो जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों ने जिला प्रशासन से इस पथ के महत्व को देखते हुए इसका दोहरीकरण कराने तथा कीचड़मुक्त कराने की मांग की है।

खबरें फटाफट

युवक ने मासूम के साथ की घिनौनी करतूत, गिरफ्तार

कृष्णाब्रह्म। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करते हुए एक वहशी ने एक चार वर्षीय मासूम को मिठाई खिलाने का लालच दे सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म कर दिया। घटना गुरूवार शाम की है। इस घटना के बाद रोती विलखती मासूम अपने घर आई तथा अपनी मां को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाना पहुंचे। जहां पीड़िता की मां के बयान पर कृष्णाब्रह्म थाने में आरोपी के खिलाफ पास्को ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम पीड़िता अपने दरवाजे पर खेल रही थी। इस दौरान पड़ोस का एक युवक उसके पास पहुंचा तथा उसे मिठाई खिलाने का लालच दे सुनसान जगह पर लेकर चला गया। जहां उसके साथ उक्त वहशी ने घिनौनी हरकत की।

पेंशन अधिकार रैली को सफल बनाने के लिए कसी कमर

डुमरांव। 10 दिसंबर को पटना में आयोजित होने वाले पेंशन अधिकार रैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के कर्मियों ने तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में कर्मियों ने नावानगर प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों अस्पतालों में जनसंपर्क अभियान चला शुक्रवार को पदाधिकारियों, कर्मचारियों, चिकित्सकों, शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में पटना चलने का आह्वान किया गया। इस जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम) के बैनर तले इसके मुख्य संरक्षक सह महासंघ गोप गुट के राज्य सचिव लव कुश सिंह, उपेंद्र यादव, रामचन्द्र रजक, रंजीत कुमार आदि ने किया। मुख्य संरक्षक ने कहा कि पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी है, मान सम्मान है। इस के बिना बुढ़ापे की जिन्दगी बेमानी है। यही मौका है, कि अपने संघर्ष, एकजुटता के बल पर इसे फिर से हासिल किया जाए।

हर साल करोड़ों रु. की आमदनी, फिर भी यात्री सुविधाओं के मामले में है फिसड्डी

टूटने लगी डुमरांव स्टेशन के विकास की आस सिर छिपाने में भी झेलनी पड़ती है फजीहत

अमरनाथ केशरी/डुमरांव

असुविधाओं के बीच पिछले कई सालों से सफर कर रहे यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं मिलने की काफी उम्मीदें थी, लेकिन डुमरांव रेलवे स्टेशन के विकास की गति मिलने की आस टूट गयी है। बरसात और तीखी धूप में सिर छिपाने में भी फजीहत झेलनी पड़ती है। रेल यात्री किसी तरह छोटे शेड या पेड़ की छांव में खड़े होकर ट्रेनों के इंतजार करने को विवश होते है। दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल का डुमरांव एक ऐसा स्टेशन है, जो राजस्व के मामले में प्रति वर्ष उछाल मार रहा है।

डुमरांव रेलवे स्टेशन हर साल करोड़ों रुपये की आमदनी पर अपनी मुहर लगाती है लेकिन यात्री सुविधाओं के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है। पिछले दिनों रेल विभाग ने डुमरांव रेलवे स्टेशन को ग्रेड सी से अपग्रेड कर ग्रेड बी में परिवर्तित कर दिया बावजूद विभागीय अधिकारी इस स्टेशन को कायाकल्प करने में कोताही बरत रहे है। यात्रियों की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी से स्टेशन के विकास की आस टूटने लगी है। स्थानीय स्टेशन के 800 मीटर लंबे प्लेटफार्म पर

शौचालय और यूरिनल तक की सुविधा नही है। प्लेटफॉर्म पर तीन बड़े शेड और सात लिट्टो शेड है। पूर्वी साइड में बड़ा शेड नही होने के कारण बरसात और तीखी धूप में यात्रियों को सिर छिपाने में भी काफी मुश्किलें होती है। शौचालय के आभाव में खासकर महिलाओं को काफी फजीहत झेलनी पड़ती है। बाहरी टिकट काउंटर प्रतीक्षालय में केवल चार सीट वाले शौचालय तो है लेकिन प्रायः वहां ताले लटके रहते है। स्थानीय शहर में बीएमपी-4 का प्रशिक्षण केंद्र, कृषि महाविद्यालय, अनुमंडलीय कोर्ट सहित कई विभागों के कार्यालय होने के कारण यहां से हर दिन लगभग दस हजार यात्रियों का आना-जाना होता है। स्टेशन पर स्वच्छ पेयजल, खान-पान की सुविधा नही रहने से यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। डुमरांव रेलवे के पश्चिमी 64 नंबर गेट एनएच 922 से एनएच 120 को जोड़ता है। दो महत्वपूर्ण सड़को को जोड़ने वाले इस गेट पर सुबह से देर रात तक वाहनों की कतारें लगी रहती है। आये दिन वाहनों के टक्कर से गेट के बूम क्षतिग्रस्त हो जाता है। ऐसी हालत में महाजाम की स्थिति बन जाती है। वाहनों को निकलने में घंटो समय गंवाना पड़ता है। जाम से निजात दिलाने के लिए इस गेट पर रेल सड़क ओवरब्रिज निर्माण का मुद्दा तेजी से उठा था।वर्ष 2017 में ही रेलवे की टीम ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी की जांच की थी लेकिन जांच के बाद मामला अधर में लटक गया।

नहीं हुई रेलवे ट्रैक की घेराबंदी

यात्री सुविधाओं को लेकर डुमरांव में तीसरी प्लेटफॉर्म बनाने का प्रस्ताव पूर्व में दानापुर में आयोजित यात्री समिति के बैठक में उठायी गयी थी। यह मांग राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह ने उठाया था। वहीं प्लेटफार्म संख्या एक और दो का लो लेवल होने से आये दिन यात्री दुर्घटनाओं के शिकार होते है। प्लेटफॉर्म के ऊंचाई बढ़ाने को लेकर कई बार यात्री कल्याण समिति ने रेल विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

नई ट्रेनों का नहीं हुआ ठहराव

स्टेशन के विकास और नई ट्रेनों की मांग को लेकर रेल यात्री कल्याण समिति कई सालों से पत्राचार और संघर्ष की राह पर चल रही है बावजूद रेलवे मौन धारण किए है। जबकि हर दिन यात्रियों में इजाफा हुआ है। अब तक यहां कोच इंडिकेटर, बिस्मिल्लाह खां की आदमकद प्रतिमा के अलावे संघमित्रा एक्सप्रेस, दानापुर-सिकंदरा एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, काशी-पटना जनशताब्दी आदि के ठहराव को लेकर मांग पत्र रेल मंत्री सहित अन्य अधिकारियों को दी गयी है।

क्या कहते हैं लोग

- डॉ सुभाष चंद्रशेखर, समाजसेवी

डुमरांव रेलवे स्टेशन ऐतिहासिक स्टेशनों में शुमार है। यहां से अनुमंडल के सात प्रखंडों के यात्री ट्रेनों को पकड़ने के लिए पहुंचते है लेकिन यात्रियों की बुनियादी सुविधाएं नही होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

- राजीव रंजन सिंह, अध्यक्ष, रेल यात्री कल्याण समिति

लंबी दूरी के ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को 20 किमी की दूरी तय कर बक्सर पहुंचना पड़ता है। यहां तक कि लोकल ट्रेनों की भी सुविधा पूर्ण नहीं है। रेल विभाग को आमदनी व श्रेणी के हिसाब से डुमरांव का विकास करना चाहिए।

मंजू देवी, गृहणी - गर्मी के दिनों में

प्लेटफार्म पर पानी की सुविधा नहीं रहती है। महिलाओं को प्लेटफार्म पर यूरिनल के आभाव में इधर-उधर भटकना पड़ता है। रेलवे को स्टेशन पर सुविधा बढ़ानी चाहिए।

कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः डीआईजी

केटी न्यूज/बक्सर

शुक्रवार को शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा बक्सर पहुंचे। उन्होंने वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के तहत बक्सर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन पहुंचने पर डीआईजी को जवानों ने परेड कर सलामी दिया। सलामी लेने के बाद डीआईजी ने पूरे पुलिस लाईन केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने जवानों के रूटीन, विभिन्न कागजातों सहित कई अन्य बिंदुओं का गहराई से निरीक्षण किया। वहीं इस दौरान उन्होंने बक्सर में बढ़े अपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई तथा अपराध पर लगाम लगाने का निर्देश

दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को क्राइम कंट्रोल को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। डीआईजी ने पुलिस लाईन में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को आपात स्थिति से निपटने को लेकर हमेशा तैयार रहने को कहा। वही उन्होंने पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी नवीन चंद्र झा ने पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के बाद बज्र गृह का भी निरीक्षण किया। जहां तैनात पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति में निपटने को लेकर मॉक ड्रिल भी कराया। उसके बाद पुलिस ऑफिस गए। जहां सभी डीएसपी और पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान डीआईजी ने बताया कि अब सभी थानों में ऑनलाइन एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावे जो स्टेशन डायरी यानी सनहा को भी ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। जिसको लेकर कार्य किया जा रहा है। वही आरा में हुए बैंक लूट कांड का उद्भेदन को लेकर कहा कि पुलिस बैंक लूट कांड का पुलिस सही दिशा में कार्रवाई कर रही है। जल्द बैंक लूट कांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा। मौके पर बक्सर एसपी मनीष कुमार समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

ठोरी पांडेयपुर में हुआ कुंड शांति पाठ

चौगाई। पिछले साल प्रखंड के ठोरी पांडेयपुर गांव में संत लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इस महायज्ञ के एक वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को यज्ञाचार्य के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा कुंड शांति पाठ कराया गया। करीब आधा दर्जन वैदिक विद्वानों ने पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चार व हवनादि के साथ कुंड शांति किया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण भी उपस्थित रहे तथा इस मौके पर आयोजित हुए वैदिक कर्मकांडो में सहयोगी बने। पिछले वर्ष आयोजित रूद्र महायज्ञ क दौरान ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया था तथा तन, मन और धन से इस महायज्ञ को सफल बनाया था।

एक नजर

सेवांत लाभ के लिए एक साल से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहा सेवानिवृत लिपिक

केसठ। अंचल कार्यालय के सेवानिवृत लिपिक का दुर्भाग्य है कि जिस कार्यालय में वे वर्षों अपनी सेवाएं दिए उसी कार्यालय में सेवानवृत होने पर अपना सेवान्त लाभ भुगतान के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। अंचलाधिकारी को उन पर जरा भी तरस नहीं आ रही है। ज्ञात हो कि केसठ अंचल कार्यालय में कार्यरत लिपिक अजय कुमार 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत हुए। जिसके बाद से अबतक अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे है। वही सेवानिवृत लिपिक द्वारा जिलाधिकारी से लेकर संबंधित अधिकारियों को पांच बार लिखित शिकायत भी की गई। वही सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समहार्ता के यहां परिवाद दायर किया गया। जहां अंचलाधिकारी केसठ द्वारा पन्द्रह दिन में भुगतान करने की लिखित सूचना पर करवाई समाप्त कर दी गई। जिसके बावजूद आजतक भुगतान नहीं होने से अभी भी कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर है। वही सेवानिवृत लिपिक मुजफरपुर जिले का रहने वाला है। जिसे आने में काफी परेशानी का सामना झेलना पड़ रहा है। अगर अविलंब भुगतान नही होने पर अंचल कार्यालय में अनशन पर बैठने की बात कही।

जीपीडीपी के तहत महिलाओं को दी गई योजनाओं को जानकारी

केसठ। जिला पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में पंचायतों के विकास के लिए अब महिलाओं एवं बच्चों के माध्यम से योजनाओं को लिया जायेगा। इसके तहत विकास योजना जीपीडीपी में योजनाओं के निर्माण में महिलाओं एवं बच्चों की विशेष भूमिका होती है। इसके तहत केसठ पंचायत सरकार भवन के परिसर में शुक्रवार को महिला सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव अभय कुमार ने किया। वही संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी ने किया। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न सुविधाओं एवं समस्याओं को दूर करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। महिलाओं ने क्षेत्र में विकास के लिए खुलकर अपना विचार को रखा।इस दौरान स्वच्छता, शौचालय, पेयजल समेत अन्य सुविधाओं को लेकर अपनी बात रखी।वहीं पंचायत सचिव ने सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं समस्याओं को दूर करने को लेकर आश्वासन भी दिया। मौके पर लेखापाल मंतोष कुमार के अलावे अंशु कुमारी, ममता देवी, सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही।

ग्रामीण युवाओं को बस खरीद पर मिलेगी पांच लाख रुपए की सहायता राशि

केसठ। ग्रामीण इलाकों को प्रखंड व जिला मुख्यालयों से जोड़ने को ले सरकार ने मुख्यमंत्री परिवहन योजना की शुरूआत की है। ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के लोगों को प्रखंड व जिला मुख्यालय जाने में परेशानी न हो सके। साथ ही सरकार का इस योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इसी को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह की अध्यक्षता में व बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा की संचालन में डीटीओ विभाग के ईएसआई अभिलाषा कुमारी, डीटीओ क्लार्क चंदन कुमार द्वारा बिकास मित्र, प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही प्रखंड के अधिकारियो व जनप्रतिनिधियों को इस योजना की जानकारी देने की अपील की गई। ईएसआई बताया कि प्रखंडों में कुल सात कैटेगरी के अंतर्गत सात लाभुको को प्रदत की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को योजना की बेवसाइट पर ऑन लाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए लाभार्थी को प्रखंड का मूल निवासी होना चाहिए। साथ ही 10वी परीक्षा पास होने का प्रमाण पत्र भी होना चाहिए। आवेदक का आयु 18 वर्ष से अधिक हो। प्रखंड में इस योजना के लिए सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक समुदाय के नागरिक इसके पात्र होंगे। लाभुक किसी सरकारी बस का चालक न हो। लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है। तब जा के इस योजना से बस खरीद पर लाभुक को पांच लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख अमरेंद्र, रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे, जीविका बीपीएम, असलम हुसैन, मंजू देवी, छोटे लाल पासवान, विकास मित्र त्रिलोकी राम, रूबी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

डीएम ने एमवी कॉलेज गुब्बारा उड़ा किया मतदाता साक्षरता क्लब कार्यक्रम का उदघाटन, बोले...

वोटर हेल्पलाइन ऐप पर पंजीकरण कर वोटर लिस्ट में जुड़वाएं नाम

केटी न्यूज/बक्सर

शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण 2024 को सफल बनाने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत एमवी कॉलेज बक्सर में मतदाता साक्षरता क्लब में शामिल होने से संबंधित कार्यक्रम का शुभारंभ गुब्बारा उड़ाकर किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए भावी एवं युवा मतदाताओं के निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता के उद्देश्य से मतदाता सूची में पंजीकरण एवं मतदान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

डीएम ने वैसे छात्रों जिनका उम्र 18 वर्ष या इससे उपर तथा उनका नाम मतदाता सूची दर्ज नहीं है। उन्हें अपना पंजीकरण कराने के लिए वोटर हेल्प लाईन ऐप के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने की अपील किये। इस दौरान उपस्थित छात्रों को डीएम ने वोटर हेल्प लाईन ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा घर बैठे इस ऐप पर

अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है। डीएम ने कहा कि इसके अलावे ऑफलाईन आवेदन भी भरकर संबंधित बीएलओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी युवा मतदाताओं से निर्वाचन की प्रक्रिया में सहभागी होने की अपील की और कहा कि मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक मतदाता अपने स्वेच्छा से मताधिकार का प्रयोग करें। उक्त कार्यक्रम में अपर समाहर्ता बक्सर, उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी बक्सर, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर, कॉलेज के प्राचार्य, अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

ईवीएम और वीवीपैट से वोट डालने के तरीके से रूबरू हुए दिव्यांग मतदाता

डुमरांव। लोकसभा चुनाव में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें और ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के उपयोग में किसी प्रकार की उलझन न हो, इसके लिये हर जगह इसका प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में एसडीएम कुमार पंकज द्वारा दिव्यांगजनों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु इन मशीनों का प्रदर्शन कर दिव्यांगों को मतदान प्रक्रिया के विषय में बताया गया। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गयी। अधिकारियों ने बताया कि इन मशीनों पर किस प्रकार से मतदान करना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने ईवीएम के साथ ही वीवीपैट मशीन की सुविधा उपलब्ध करायी है। इसमें निर्वाचन के समय आप जिस प्रत्याशी को मत देना चाहते हैं, उसकी फोटो भी दिखाई देगी ताकि आपको मतदान करने में संशय न रहे।

घोटाला... गरीबों के कंबल और डस्टबीन खा गए चितबड़ागांव के ईओ

- वित्तीय अनियमितता के कई मामलों में जांच में घिरे ईओ
- कभी भी हो सकती है ईओ के विरूद्ध कार्रवाई

तिलक कुमार/चितबड़ागांव

नगर पंचायत के ईओ पर गाज गिरना तय है। विगत एक साल से चली आ रही जांचों की नूराकुश्ती तीन सदस्यीय मजिस्ट्रेट टीम की जांच के बाद खत्म हो गई है। जांच में ईओ नगर पंचायत चितबड़ागांव को घोटाले का दोषी पाया गया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट में घोटाले को परत दर परत खोला गया है। जिसका खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि जिलाधिकारी बलिया के उस पत्र से हुआ है,

जो पत्र जिलाधिकारी ने ईओ के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने के लिए विशेष सचिव उप्र शासन नगर विकास अनुभाग चार को लिखा है। अब मामला शासन के हाथ में है, कार्रवाई की तलवार कभी चल सकती है।

बीते 20 नवंबर 2023 पत्रांक संख्या 772 के माध्यम से जिलाधिकारी बलिया ने विशेष सचिव उप्र शासन नगर विकास अनुभाग चार को भेजे गए पत्र में जिक्र किया है कि नगर पंचायत चितबड़ागांव के सभासद शिवमंगल सहित अन्य 11 सभासदों ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चितबड़ागांव पर नियम विरूद्ध निविदा कर अपने चहेते ठेकेदार को कार्य देने का आरोप लगाया गया था। साथ ही टेंडर में घोटाले का गंभीर आरोप लगाया गया था। जिलाधिकारी के पत्र में उल्लेख है कि शिकायती आरोप वाले प्रार्थना पत्र की जांच अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट एवं वित्त लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बलिया से कराई गई।

जिलाधिकारी ने अपने पत्र में शासन को अवगत कराया है कि जांच समिति द्वारा जांच में कंबल क्रय करने में अनियमितता एवं क्रय किए गए कंबल का अब तक वितरण नहीं किया गया। डस्टबीन के क्रय में रूपया 22 लाख 11 हजार 500 रूपए का अनियमित रूप से भुगतान किया गया है। हैंडपंप अधिष्ठापन में 10 लाख 17 हजार 315 रूपए का गलत उपयोग किया गया है। माध्यमिक विद्यालय चितबड़ागांव का सौंदर्यीकरण का कार्य संतोष जनक न होने एवं मानक के अनुरूप न कराए जाना पाया गया है। जिसमें रूपए 18 लाख 59 हजार 460 रूपए भुगतान कर दिया गया है। कब्रिस्तान के बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य अधिक दिखा कर ईओ ने अनुचित लाभ प्राप्त करने की मंशा से अपने चहेरे फर्म को कायार्देश निर्गत कर कार्य का भुगतान सक्षम अधिकारी से कराए बिना ही भुगतान किए जाने की अनियमितता पाई गई है। जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं के शिकायती प्रार्थनापत्र एवं जांच कमेटी की जांच आख्या संलग्न कर इस आशय के साथ शासन को प्रेषित किया है कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चितबड़ागांव के विरूद्ध कार्रवाई की जाए।

अनियमितता मामले होती है त्वरित कार्रवाई: डीएम

मामले को लेकर जिलाधिकारी बलिया रविंद्र कुमार ने बताया कि वित्तीय अनियमितता के मामले में किसी तरह का कोई विलंब हमारे स्तर से नहीं किया जाता है। जांच के बाद समस्त पत्रावली शासन को कार्रवाई हेतु संस्तुति के साथ प्रेषित कर दी गई है।

एक नजर

खाद की कीमतों में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन

चंदौली। जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को मुख्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष जनाब मकसूद खान, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में डीएपी खाद की किल्लत एवं दामों में की गई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल के नाम से सौंपा ज्ञापन। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान ने कहा कि डीएपी खाद की कमी के चलते किसान परेशान है। भाजपा सरकार द्वारा डीएपी के दामों में वृद्धि कर दी गई है जिससे इस महंगाई में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कठिन परिस्थिति में सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि डीएपी खाद की कमी को दूर कर उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए और दामों की गई वृद्धि को किसानों के हित में वापस लिया जाए। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, मधु राय, अकिल अहमद, गंगा प्रसाद, अरुण द्विवेदी, राहुल सिंह, श्रीकांत पाठक, बाबा गोंड, दिलीप यादव, दुर्गेश उपाध्याय, कमलेश कुमार आसिफ, अमरदेव राम, अनिल कुमार सहित जनपद के कांग्रेसजन मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा भोजपुर पहुंची

पड़ाव (चंदौली)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को भोजपुर,रतनपुर गांव पहुंची। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संदेश ग्रामीणों को सुनाया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री ने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को उनका अधिकार दिलाने की गारंटी दी है। यात्रा के माध्यम से विभिन्न विभागों के स्टॉल प्रधानमंत्री आवास योजना,उज्वला गैस योजना, जल शक्ति मिशन, आयुष्मान योजना व किसान सम्मान पत्र योजना मौके पर लगाए गए। जिसमें की आयुष्मान योजना के अंतर्गत पच्चास ग्रामीणों को दवा वितरण किया गया जिसमें की ब्लड प्रेसर,शुगर,गैस, और आयरन की दवा सम्मलित थी। इस मौके पर ग्राम प्रधान सीमा पटेल प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश पटेल, प्रमोद शर्मा सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकी) लाल अमरेंद्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी वंदना कुमारी पटेल सदस्य गण श्याम लाल पटेल शेफाली देवी शमली देवी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

यात्रा का उद्देश्य अंतिम पात्र को मिले योजनाओं का लाभ: विधायक रामविलास चौहान

मऊ। विकास खण्ड दोहरीघाट के ग्राम सभा चकऊथ में हनुमान मंदिर के परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा चौपाल का आयोजन किया गया। भाजपा जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा मनोज कुमार मेघवाल ने इस अवसर पर कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले ।उन्होंने कहा कि गाव को शहरो की तरह सुविधाए मिल रही है। मोदी और योगी सरकार की संचालित जनकल्याण कारी योजनाओ का लाभ मिल रहा है। किसान सम्मान निधि किसानो के खाते में भेजी जा रही है । विधवा, विकलाग, हर घर जल योजना के सभी परिवारों में पानी पहुंचाया जा रहा है। मधुबन विधानसभा के विधायक रामविलास चौहान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने के कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, हर घरों में शौचालय, निशुल्क राशन, निशुल्क, उज्ज्वला गैस कनेक्शन आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। इस अवसर भाजपा जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा मनोज मेघवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय राय, बिजेंद्र पांडे अजय राय ,मयंक शुक्ला , गोपी प्रसाद, विनोद शर्मा, राकेश शर्मा, रमेश राजभर आदि रहे।

कृषि निवेश मेला का आयोजन कर किसानों को दी जाएगी नवीनतम तकनीक की जानकारी

गाजीपुर। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि रबी की फसल 2023-24 के लिए कृषकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से कृषकों को जागरूक किया जाना है। जिसके लिए जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक दिवसीय कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जायेगा। उक्त मेला में विकास खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सभी गावों के किसान कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, सहकारिता, सिंचाई, विद्युत एग्रो आदि विभागों के अधिकारियों, बैंकर्स, एन0जी0ओ0, एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भाग लेगे। उक्त कृषि निवेश मेले के प्रभावी आयोजन हेतु विकासखण्डवार तिथि निर्धारित की गयी है जिसमें दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 को विकास खण्ड सदर, करण्डा में दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 को विकास खण्ड सादात व जखनियॉ में, दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को सैदपुर एवं देवकली में दिनांक 16 दिसम्बर, 2023 को मनिहारी व बिरनों में 18 दिसम्बर, 2023 को विकास खण्ड मरदह व कासिमाबाद में 19 दिसंबर,श 2023 को विकास खण्ड मुहम्मदाबाद व बाराचवर में 20 दिसंबर 2023 को भॉवरकोल व रेवतीपुर में 21 दिसंबर 2023 को विकास खंड जमानियॉ एवं भदौरा में कृषि निवेश मेला का आयोजना किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने किया योगाभ्यास

चंदौली। पुलिस लाइन चंदौली में पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास किया। इस बाबत एसपी ने कहा कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

खबरें फटाफट

किराना दुकान से नकदी सहित हजारों के सामान चोरी

चंदौली। सैदूपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समीप शुक्रवार की रात अरविंद गुप्ता के किराना की दुकान के पीछे से अंदर घुसे चोरों ने 25 हजार रुपए नकद व लगभग हजारों रुपए के आभूषण चुरा लिए। बीच बाजार में इतनी बड़ी वारदात से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है। घटना के बाद पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है।
बसाढ़ी गांव निवासी की सैदूपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास किराना की दुकान है। रात 12 बजे के बाद बगल के मकान के सहारे पीछे से घुसे चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर दुकान में घुस गए और दुकान के काउंटर को तोड़कर उसमें से 25 हजार नकद व उसमें रखें सोने का मंगलसूत्र,चांदी के पायल को चुरा लिए। सुबह जब दुकानदार ने शटर उठाया तो लॉकर टूटा हुआ था व दुकान में चारों ओर सामान बिखरा हुआ था। घटना से घबराए दुकानदार ने चौकी पर शिकायत दर्ज कराई है। चोरी की पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है।

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगह पर दुर्घटना में शुक्रवार को तीन लोग घायल हो गए । घायलावस्था में सभी को स्थानीय लोगों ने चिकित्सालय में इलाज कराया ।वही एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होने पर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। संघति गांव निवासी अखिलेश कुमार 23 वर्ष कैली से वापस आते समय महादेवपुर गांव के समीप मोटरसाइकल से अनियंत्रित हो कर गिर गया और घायल हो गया। आस पास के लोगों ने स्थानीय चौराहे स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज कराया। दूसरी ओर गाजीपुर निवासी सुमित जायसवाल 35 वर्ष सकलडीहा से मुगलसराय के लिए आ रहा था ।विपरीत दिशा से आ रही कार से टक्कर हो गई ।जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ककरही खुर्द गांव के समीप सड़क पार कर रहा रामदयाल पाल 70 वर्ष मोटरसाइकिल की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

अवैध तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

बलिया। शहर कोतवाली पुलिस ने मुन्नीलाल चौराहा शिवपुर दियर के पास से शुक्रवार की दोपहर आरोपी युवक को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अरविन्द गोंड पुत्र परिखन गोंड निवासी ग्राम चक्की विशेषर का डेरा थाना ब्रह्मपुर जिला बक्सर बिहार का रहने वाला है। शुक्रवार को शहर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक मुन्नीलाल चौराहा शिवपुर दियर के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया। जमातलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

कल सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

अब बलिया से खुलेगी कामायनी एक्सप्रेस, लोगों में खुशी की लहर

केटी न्यूज/बलिया

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के प्रयास से बनारस लोकमान्य टर्मिनल्स कामायनी एक्सप्रेस का यात्रा विस्तार बलिया स्टेशन तक कर दिया गया है। जिसकी शुरूआत 10 दिसंबर 2023 को बलिया रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखा कर की जाएगी। इस ट्रेन का संचालन बलिया स्टेशन से शुरू होने से क्षेत्रवासियों को दिन में बनारस, छिवकी, भोपाल होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल्स जाने में सहूलियत मिलेगी। वर्तमान में मुंबई हेतु केवल एक ट्रेन पवन एक्सप्रेस होने की वजह से सीट की समस्या एवं पीछे से आने के कारण जनरल डिब्बों में भी स्थान न मिलने की वजह से लोगों की ट्रेनें छूट जाया करती थी। लोग मुंबई की यात्रा को लेकर मायूस रहते थे। सीट की हमेशा चिंता सताती थी। जो इस ट्रेन के चालू होने काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। व्यापारी बंधु जो अपने व्यापार के सिलसिले में भोपाल, मुंबई की यात्रा करते रहते हैं उनके लिए भी यह ट्रेन एक वरदान साबित होगी। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि मेरा प्रयास रहेगा कि बलिया व उसके आस-पास के किसानों द्वारा जो सब्जी और मोटे अनाज की पैदावार करते हैं उनके उत्पादों को महानगर तक ले जाने के लिए इस ट्रेन में किसान डिब्बा जुड़वाने का प्रयास करूंगा। ताकि किसान अपनी उपज महानगरों तक आसानी से पहुंचा कर अपने उत्पादों पर लाभ प्राप्त कर सकें। वर्तमान में यह ट्रेन बलिया से गाजीपुर, औड़िहार, बनारस होते हुए आगे की सफर पूरा करेगी।

ऊर्जा के क्षेत्र में बलिया लोकसभा का होगा चहूंमुखी विकास

बलिया। ऊर्जा के क्षेत्र में बलिया को जल्द ही नया आयाम मिलेगा। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मिलकर न सिर्फ लोकसभा क्षेत्र बलिया के बिजली विकास कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा किया। बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में विकास का खाका तैयार कर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने भी सांसद जी के हर प्रस्ताव पर हामी भर दी है। ऐसे में वह दिन दूर नहीं जब ऊर्जा के क्षेत्र में बलिया का चहूंमुखी का विकास होगा।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बलिया, गाजीपुर में अतरिक्त पांच विद्युत उपकेन्द्र बनेगा। इससे लाइन लॉस की समस्या से मुक्ति मिलेगी और निर्बाध गति से बिजली आपूर्ति होगी। करइल इलाके में 33 केवी का अतरिक्त लाइन के साथ गंगा पार के गांवों का जहां विद्युत नहीं पहुंचा है जैसे - नौरंगा आदि गांव का विद्युतीकरण बिहार की ओर से होगा। दोनों जनपदो में सर्वे के आधार पर प्राप्त सभी ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि केन्द्र सरकार के सहयोग से होगा। इतना ही लोकसभा क्षेत्र बलिया में एग्रिकल्चर फीडर की भी स्थापना होगी। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से मुलाकात सार्थक रहा। मेरे हर प्रस्ताव को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने स्वीकारते हुए उसमें हामी भर दी है। अब जल्द ही बजट भी पेश होगा फिर टेंडर कराकर कार्य शुरू कराए जाएंगे।

पांच लाख रूपए का नकली सामान बरामद

बलिया। गड़वार थाने की पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर गड़वार बाजार स्थित एक दुकान से भिन्न-भिन्न ब्रांडों के ओरिजनल स्टीकर लगे पांच लाख रूपए का नकली सामान बरामद किया। साथ ही दुकान संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

नकली सामानों में पंतजलि सरसो का तेल एक लीटर के 79 पीस, टाटा टी प्रीमियम 250 ग्राम का भरा पैकेट 392 पीस, विक्स वेपोरब 10 एमएल की डीब्बी भरी हुई 930 पीस, विक्स वेपोरब खाली डीब्बी 1502 पीस, विक्स वेपोरब 10 एमएल का स्टीकर 50 सीट एक सीट में 187 पीस स्टीकर, फेवीकॉल 20 ग्राम का बोतल स्टीकर के साथ 594 पीस, फेवीकॉल 20 ग्राम का खाली बोतल 1502 पीस, फेवीकॉल का स्टीकर 50 सीट एक सीट पर 64 पीस स्टीकर छपे हैं, पैराशूट 190 एमएल का जैस्मिन भरा बॉटल 1126 पीस, पैराशूट जैस्मिन का खाली बोतल 1244 पीस, पैराशूट जैस्मिन का स्टीकर 190 एमएल का स्टीकर 19621 पीस, पैराशूट जैस्मिन बोतल पर लगने वाला इनर सफेद कलर का करीब 540 पीस बरामद हुआ।

अत्यधिक ठंड व घना कोहरा होने पर बच्चों व बुजुर्गों का रखें विशेष ख्याल

केटी न्यूज/गाजीपुर

अपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील किया है कि शीतलहर एवं घने कोहरे से बचाव के लिए अत्यधिक ठंड व शीतलहर होने पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं को घर के अंदर ही रखें। अति आवश्यक हो तभी घर से बाहर जाएं। स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र टीवी, मोबाइल फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें। स्वयं सर्तक करें और अन्य व्यक्तियों को भी सर्तक रहें। शरीर को सूखा रखें। गीले कपड़े कदापि न पहने। यह शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। गीले कपड़े से ठंड लगने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। मिट्टी का तेल, कोयले की अंगीठी, हीटर आदि का प्रयोग करते समय सावधानियाँ बरते। कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन बेन्टिलेशन, वायु- संचार बनाए रखें। ताकि कमरे में विषाक्त, जहरीला धुआं इकट्ठा न हो, सोने से पहले हीटर, ब्लॉवर, कोयले की अगीठी आदि को अवश्य बंद कर दें। कई स्तरों वाल गर्म कपड़े जैसे-ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीतदंश ठंड के प्रभाव से बचा सकता है। शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाए रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थो का नियमित सेवन किया जाना लाभकारी होगा। हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे असामान्य शरीर का तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, असीमित ठिठुरना सुस्ती, थकान, तुतलाना, थकावट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर सम्पर्क करें। ठण्ड के लक्षणों जैसे- शरीर के अंगो का सुन्न पडना, हाथों-पैरों की उँगलियों, कान नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने चिकित्सक से परामर्श लें।

पेंशनर की मृत्यु के बाद तत्काल कोषागार को दें सूचना

गाजीपुर। कोषागार निदेशक लखनऊ के आदेश द्वारा समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी उत्तर प्रदेश को संबोधित प्रचार-प्रसार के लिए निम्न निर्देश 20 सितंबर 2023 को दिए गए हैं। जिसमें ऐसे प्रकरण कोषागारों के संज्ञान में आते रहे हैं कि पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु होने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना संबंधित कोषागार को नहीं दी जाती है। इसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन व पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्रवाई करनी पड़ती है। इस संबंध में समस्त संबंधितों को सूचित किया जाता है कि यथा स्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना संबंधित कोषागार को तत्काल प्रदान की जाए। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है।

मेडिकल स्टोर शत-प्रतिशत क्षय रोगियों का करें नोटिफिकेशन

केटी न्यूज/गाजीपुर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर टीबी प्रतिरोधी (एंटी) औषधियों पर निजी औषधि विक्रेताओं का संवेदीकरण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. देश दीपक पाल के निर्देशन पर आयोजित कार्यशाला में जनपद के करीब 1896 निजी औषधि विक्रेताओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. मनोज कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ. मिथलेश कुमार सिंह, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक (डीपीपीएमसी) अनुराग कुमार पाण्डेय, जिला औषधि निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य, सीनियर टीबी सुपरवाइजर (एसटीएस) सुनील कुमार वर्मा व केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नागमणि मिश्रा ने विक्रेताओं को टीबी उन्मूलन, नोटिफिकेशन व सम्पूर्ण उपचार पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निक्षय पोर्टल पर समस्त निजी औषधि विक्रेता स्वयं क्षय रोगियों का पंजीकरण कर शत-प्रतिशत नोटिफिकेशन करें। इसके लिए सभी को लगातार सूचित किया जा रहा है ,जिससे निजी क्षेत्र में लक्ष्य के सापेक्ष टीबी मरीजों को शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा सके।

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मिथलेश कुमार ने बताया कि निजी क्षेत्र में नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए निजी औषधि विक्रेताओं को लगातार सूचित किया जा रहा है। यह अभियान 14 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। इन विक्रेताओं को प्रति क्षय रोगी के नोटिफिकेशन करने के लिए 500 रुपए और उपचार पूरा होने पर आउटकम देने के लिए 500 रुपए सरकार की ओर से दिये जाते हैं।

हक की बात जिलाधिकारी के साथ एवं शक्ति संवाद में डीएम ने लाभार्थियों से किया संवाद, बोले...

कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न व दहेज हिंसा के खिलाफ उठाएं आवाज

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने मिशन शक्ति फेज-4 के तहत आयोजित मेगा इवेंट हक की बात जिलाधिकारी के साथ तथा शक्ति संवाद में महिलाओं से संबंधित योजनाओं से जुड़ी जानकारी को साझा करने के साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि से पीड़ित महिलाओं से संवाद करते हुए महिलाओं के संबंध में संचालित

योजनाओं जैसे, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना,महिलाओं तथा बालिकाओं को एक ही छत के नीचे रेस्क्यू,आश्रय,विधिक एवं पुलिस परामर्श तथा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु संचालित वन स्टाफ क्राइसिस सेंटर के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने तथा शासन द्वारा प्रदत्त की जाने वाले सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शक्ति संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड)व सामान्य वर्ग के लाभार्थी बच्चों के साथ भी संवाद किया तथा उनके अभिभावकों से इस योजना द्वारा लाभान्वित होने से उनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान ही जिलाधिकारी ने महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, विधवा पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए जिससे अधिक से अधिक लोगों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र गुप्ता, श्रम उपायुक्त,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकस सिंह,जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र कुमार सहित महिला कल्याण विभाग की कंचन तिवारी और अनीता सिंह यादव सदस्य बाल कल्याण समिति व अन्य उपस्थित रहे।